**Roll. No. .........................**

**Question Booklet Number**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

# B.A. (SEM.-VI) (NEP) (SUPPLE.) EXAMINATION, 2024-25

## SANSKRIT

## (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा )

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 2 | 0 | 6 | 0 | 2 | T |

**Question Booklet Series**

**A**

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. योग का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
   (A) युद्ध करना
   (B) जोड़ना या एकता
   (C) ध्यान करना
   (D) अभ्यास करना
2. योग शब्द की उत्पत्ति किस भाषा से हुई है ?
   (A) हिंदी
   (B) संस्कृत
   (C) पाली
   (D) फारसी
3. पतञ्जलि योगसूत्र के अनुसार योग के कितने अंग होते हैं ?
   (A) 4
   (B) 5
   (C) 6
   (D) 8
4. योग के आठ अंगों में पहला अंग क्या है ?
   (A) ध्यान
   (B) यम
   (C) आसन
   (D) प्राणायाम
5. निम्न में से कौन-सा यम नहीं है ?
   (A) सत्य
   (B) अहिंसा
   (C) असत्य
   (D) ब्रह्मचर्य
6. योग किस प्रकार से शरीर को लाभ पहुँचाता है?
   (A) केवल मानसिक रूप से
   (B) केवल शारीरिक रूप से
   (C) मानसिक एवं शारीरिक दोनों से
   (D) केवल आध्यात्मिक रूप से
7. योग किस प्रकार की जीवन शैली को बढ़ावा देता है ?
   (A) निष्क्रिय
   (B) व्यसनयुक्त
   (C) संतुलित
   (D) विलासी
8. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है ?
   (A) 1 जनवरी
   (B) 5 जून
   (C) 21 जून
   (D) 15 अगस्त
9. ध्यान का प्रमुख उद्देश्य क्या होता है ?
   (A) नींद लेना
   (B) मन को एकाग्र करना
   (C) शारीरिक व्यायाम
   (D) दौड़ लगाना
10. निम्न में से कौन-सा आसन पीठ के दर्द मे लाभकारी है ?
    (A) भुजंगासन
    (B) ताड़ासन
    (C) मंडूकासन
    (D) वज्रासन
11. 'योग' का व्यापक उद्देश्य क्या है ?
    (A) वजन घटाना
    (B) दौड़ना
    (C) आत्मा और परमात्मा का मिलन
    (D) प्रतियोगिता जीतना
12. योग किस ग्रंथ में सबसे पहले व्यवस्थित रूप में वर्णित हुआ है ?
    (A) वेद
    (B) महाभारत
    (C) योगसूत्र
    (D) रामायण

13. प्राणायाम किस पर नियंत्रण करता है ?

(A) आहार पर

(B) सोच पर

(C) श्वास पर

(D) शरीर के वजन पर

14. योग का नियमित अभ्यास क्या लाभ देता है ?

(A) अवसाद बढ़ाता है

(B) चिंता को बढ़ाता है

(C) मानसिक संतुलन प्रदान करता है

(D) याद्दाश्त कम करता है

15. योग किस विज्ञान से संबन्धित है ?

(A) सामाजिक विज्ञान

(B) मनोविज्ञान

(C) आध्यात्मिक एवं जीवन शैली विज्ञान

(D) भौतिक विज्ञान

16. निम्न में से कौन-सा योगासन नेत्रज्योति बढ़ाने में सहायक है ?

(A) ताड़ासन

(B) शीर्षासन

(C) वृक्षासन

(D) मकरासन

17. योग में ''नाड़ी शोधन प्राणायाम'' का क्या उद्देश्य है ?

(A) नाड़ी में दर्द कम करना

(B) रक्तचाप बढ़ाना

(C) ऊर्जा का संतुलन करना

(D) भोजन पचाना

18. निम्न में से कौन-सी क्रिया योग में शुद्धिकरण प्रक्रिया कहलाती है ?

(A) सूर्य नमस्कार

(B) ध्यान

(C) षटकर्म

(D) प्रणव जप

19. योग का संबन्ध मुख्य रूप से किससे होता है?

(A) व्यापार से

(B) आध्यात्मिक उन्नति से

(C) राजनीति से

(D) खेल से

20. पातञ्जल योग दर्शन के अनुसार 'समाधि' का अर्थ है -

(A) निद्रा

(B) स्थिर अवस्था

(C) शरीर की अकड़न

(D) आत्म साक्षात्कार की स्थिति

21. पतञ्जलि के योगसूत्र में 'समाधि पाद' किस विषय से संबन्धित है ?

(A) भौतिक विज्ञान

(B) समाधि और चित्तवृत्ति निरोध

(C) शरीर विज्ञान

(D) संकल्प शक्ति

22. योगसूत्र का पहला सूत्र क्या है ?

(A) योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः

(B) तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्

(C) अथ योगानुशासनम्

(D) अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः

23. "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" का अर्थ है -
(A) भोजन करना योग है
(B) चित्त की वृत्तियों का निरोध करना योग है
(C) ध्यान करना योग है
(D) श्वास को रोकना योग है

24. 'चित्तवृत्ति' के प्रकार कितने बताए गये हैं ?
(A) तीन
(B) पाँच
(C) सात
(D) दो

25. निम्न में से कौन-सी चित्तवृत्ति नहीं है ?
(A) प्रमाण
(B) विकल्प
(C) निद्रा
(D) प्रज्ञा

26. 'अभ्यास' और 'वैराग्य' किसका साधन हैं ?
(A) ध्यान का
(B) समाधि का
(C) चित्तवृत्ति निरोध का
(D) प्राणायाम का

27. 'अभ्यास' की परिभाषा क्या है ?
(A) केवल आसन करना
(B) निरंतर प्रयास करना
(C) एक समय योग करना
(D) ज्ञान अर्जन करना

28. 'वैराग्य' का अर्थ है -
(A) संसार से भागना
(B) कर्त्तव्य त्याग
(C) विषयों की तृष्णा का आभाव
(D) तपस्या करना

29. "तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्" का अर्थ है -
(A) शरीर की स्थिति
(B) मन की स्थिति
(C) आत्मा का अपने स्वरूप में स्थित होना
(D) दृष्टि सुधारना

30. विकल्प वृत्ति किस प्रकार की होती है ?
(A) सत्य ज्ञान पर आधारित
(B) असत्य ज्ञान पर आधारित
(C) अनुभूति पर आधारित
(D) स्वप्न पर आधारित

31. समाधि पाद में किस प्रकार की समाधि का वर्णन है ?
(A) केवल ध्यान की
(B) केवल सुख की
(C) सवितर्क और निर्वितर्क आदि समाधियों का
(D) केवल निद्रा की

32. 'वैराग्य' के दो भेद क्या हैं ?
(A) माया और ममता
(B) सन्यास और ज्ञान
(C) अपरा और परा
(D) योग और भोग

33. योग के अनुसार निद्रा किस प्रकार की वृत्ति है?
(A) विचारात्मक
(B) अविचारात्मक
(C) विशेष प्रमाण
(D) अभाव पर आधारित

34. किस प्रकार की समाधि में नाम, रूप और ज्ञान तीनों विद्यमान होते हैं -
(A) निर्विचार समाधि
(B) निर्विकल्प समाधि
(C) सवितर्क समाधि
(D) अचेत समाधि

35. ''वृत्तिसारूप्यमितरत्र'' सूत्र का तात्पर्य क्या है ?
(A) वृत्त्यिों का सुख में परिण होना
(B) वृत्तियों में चित्त का लय हो जाना
(C) वृत्तियों से मुक्ति
(D) ध्यान की उत्पत्ति

36. समाधि पाद का मुख्य लक्ष्य क्या है ?
(A) केवल भौतिक लाभ
(B) चित्तवृत्ति का विस्तार
(C) चित्तवृत्तियों का निरोध और समाधि की प्राप्ति
(D) योगासन सिखाना

37. योगसूत्र का रचयिता कौन है ?
(A) कपिल मुनि
(B) वशिष्ठ
(C) पतञ्जलि
(D) व्यास

38. किस वृत्ति में सत्य ज्ञान होता है ?
(A) विकल्प
(B) स्मृति
(C) प्रमाण
(D) निद्रा

39. प्रमाण के कितने प्रकार बताए गये हैं ?
(A) एक
(B) तीन
(C) चार
(D) दो

40. 'संप्रज्ञात समाधि' में क्या विद्यमान होता है ?
(A) केवल अज्ञान
(B) केवल निद्रा
(C) विचार एवं अनुभव
(D) चैतन्य का अभाव

41. साधनपाद योगसूत्र का कौन-सा अध्याय है ?
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

42. साधनपाद का मुख्य विषय क्या है ?
(A) समाधि की व्याख्या
(B) चित्त की वृत्तियों का निरोध
(C) साधन या योग मार्ग का वर्णन
(D) सिद्धियों की प्राप्ति

43. पतञ्जलि ने अष्टांग योग की चर्चा किस पाद में की है ?
(A) समाधिपाद
(B) विभूतिपाद
(C) कैवल्यपाद
(D) साधनपाद

44. क्लेशों की संख्या कितनी मानी गई है ?
(A) 3
(B) 5
(C) 7
(D) 2

45. क्लेशों में 'अविद्या' किस प्रकार की है ?
(A) सुखदायक
(B) कारण क्लेश
(C) चेतन
(D) सत्वगुण प्रधान

46. अष्टांग योग का अंतिम अंग क्या है ?
(A) आसन
(B) प्राणायाम
(C) समाधि
(D) धारणा

47. अष्टांग योग का प्रथम अंग कौन-सा है ?
(A) प्राणायाम
(B) यम
(C) ध्यान
(D) आसन

48. यम की संख्या कितनी है ?
(A) 3
(B) 5
(C) 7
(D) 10

49. निम्न में से कौन-सा यम है ?
(A) शौच
(B) संतोष
(C) अहिंसा
(D) तप

50. नियम की संख्या कितनी मानी गई है ?
(A) 4
(B) 5
(C) 6
(D) 8

51. नियमों में 'ईश्वर प्रणिधान' का क्या अर्थ है ?
(A) कर्मों का फल लेना
(B) ईश्वर में श्रद्धा और समर्पण
(C) पवित्रता बनाए रखना
(D) तपस्या करना

52. ''अष्टांग योग'' शब्द में 'अष्टांग' का क्या अर्थ है ?
(A) आठ प्रकार के शरीर
(B) आठ प्रकार की साधनाएं
(C) आठ अंगों वाला योग
(D) आठ जीवन शैलियाँ

53. अविद्या से कौन-से अन्य क्लेश उत्पन्न होते हैं?
(A) राग और द्वेष
(B) अहंकार
(C) अभिनिवेश
(D) उपरोक्त सभी

54. अष्टांग योग में 'ध्यान' किस क्रम पर आता है?
(A) पाँचवाँ
(B) सातवाँ
(C) तीसरा
(D) दूसरा

55. क्लेशों की निवृत्ति का साधन क्या बताया गया है ?
(A) ज्ञान
(B) अष्टांग योग
(C) ध्यान
(D) उपवास

56. साधनपाद में किस प्रकार के साधक के लिए योग का मार्ग बताया गया है ?
(A) सिद्ध
(B) अराजक
(C) असंस्कृत
(D) सामान्य सांसारिक व्यक्ति

57. अष्टांग योग का 'धारणा' अंग क्या है ?
(A) इन्द्रियों का निग्रह
(B) एक वस्तु पर चित्त की एकाग्रता
(C) सांस रोकना
(D) ध्यान से विलग होना

58. साधनपाद के अनुसार क्लेश किसे कहा गया है?

(A) पुण्य

(B) दुःख का कारण

(C) ज्ञान

(D) समाधि

59. प्रत्याहार का क्या अर्थ है ?

(A) आहार का नियंत्रण

(B) इंद्रियों को विषयों से हटाकर चित्त में लीन करना

(C) ध्यान की गहराई

(D) समाधि का अभ्यास

60. पतञ्जलि के अनुसार योग किसे कहते हैं ?

(A) चित्तवृत्तियों का निरोध

(B) ध्यान लगाना

(C) आसन करना

(D) संयम रखना

61. योगसूत्र का 'विभूतिपाद' किस स्थान पर आता है ?

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) तृतीय

(D) चतुर्थ

62. विभूतिपाद का मुख्य विषय क्या है ?

(A) समाधि के प्रकार

(B) आत्मसाक्षात्कार

(C) योग से प्राप्त सिद्धियाँ (विभूतियाँ)

(D) मन का नियंत्रण

63. विभूतिपाद में 'संयम' किसका समूह है ?

(A) आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार

(B) यम, नियम, ध्यान

(C) धारणा, ध्यान, समाधि

(D) ज्ञान, भक्ति, कर्म

64. 'संयम' के द्वारा क्या प्राप्त किया जा सकता है?

(A) तप

(B) भोजन

(C) विशेष ज्ञान

(D) इंद्रिय सुख

65. 'धारणा' का तात्पर्य है –

(A) नींद लेना

(B) चित्त को एक देश में स्थिर करना

(C) भोग करना

(D) भ्रम में रहना

66. ध्यान किस पर आधारित होता है ?

(A) कल्पना पर

(B) इंद्रिय बोध पर

(C) धारणा पर

(D) निद्रा पर

67. 'संयम' का अभ्यास किसे विकसित करता है ?

(A) भूख

(B) अशांति

(C) प्रज्ञा (ज्ञान)

(D) मोह

68. ध्यान का परिणाम क्या होता है ?

(A) निद्रा

(B) आलस्य

(C) समाधि

(D) रोष

69. जिस ज्ञान से सूक्ष्म तत्वों का बोध होता है वह किससे प्राप्त होता है ?

(A) ध्यान से

(B) संयम से

(C) प्राणायाम से

(D) आसन से

70. संयम को सिद्ध करने पर योगी को क्या प्राप्त होता है ?

(A) सांसारिक सुख

(B) तामसिक प्रवृत्तियाँ

(C) विशेष प्रकार की सिद्धियाँ

(D) कर्म बंधन

71. 'परकाय प्रवेश' किस योग सिद्धि का उदाहराण है ?

(A) अस्तित्व दर्शन

(B) भूतज्ञान

(C) शरीरांतरण

(D) मनोविज्ञान

72. संयम का अभ्यास किस पर करने से दूसरे के मन का ज्ञान होता है ?

(A) हृदय

(B) स्वर

(C) मन

(D) आँख

73. संयम से कौन-सी मानसिक शक्ति जाग्रत होती है ?

(A) अवसाद

(B) जड़ता

(C) एकाग्रता

(D) तनाव

74. संयम के तीन अंगों में अंतिम क्या है ?

(A) ध्यान

(B) समाधि

(C) धारणा

(D) प्राणायाम

75. विभूतिपाद में 'त्रयमेकत्र संयमः' का क्या अर्थ है ?

(A) तीनों अंगों को मिलाना

(B) तीन प्रकार के प्राणायाम

(C) तीन प्रकार की निद्रा

(D) तीन यज्ञ

76. संयम से प्राप्त सिद्धियाँ किसकी दृष्टि में बाधक हैं ?

(A) सामान्य मानव की

(B) सिद्ध योगी की

(C) ईश्वर की

(D) मोक्ष मार्ग की

77. संयम से पूर्व जन्मों का ज्ञान कैसे प्राप्त किया जाता है ?

(A) आत्मानुभव से

(B) दृष्टि संयम से

(C) स्मृति संयम से

(D) प्राणायाम से

78. विभूतिपाद में कितने प्रकार की सिद्धियों का वर्णन मिलता है ?

(A) एक

(B) अनेक

(C) केवल पांच

(D) दो

79. संयम किस अवस्था में सिद्ध होता है ?

(A) अस्थिर चित्त में

(B) अनन्य अभ्यास में

(C) रजोगुण प्रधान मन में

(D) केवल निद्रा में

80. योग की विभूतियाँ किसका परिणाम हैं ?

(A) इंद्रिय भोग का

(B) संयम का

(C) यज्ञ का

(D) कर्म का

81. घेरंड संहिता किस भाषा में रचित ग्रंथ है ?

(A) हिंदी

(B) पाली

(C) संस्कृत

(D) फारसी

82. घेरंड संहिता में कुल कितने उपदेश हैं ?

(A) 5

(B) 6

(C) 7

(D) 8

83. घेरेड संहिता में प्रथम उपदेश किसके संवाद के रूप में है ?

(A) पतञ्जलि और चंडकपाल

(B) वशिष्ठ और राम

(C) घेरंड और चंडकपाल

(D) वामदेव और नचिकेता

84. घेरंड संहिता किस योग पद्धति पर आधारित है?

(A) राजयोग

(B) लययोग

(C) हठयोग

(D) कर्मयोग

85. प्रथम उपदेश में सबसे पहले किस साधन की चर्चा की गई है ?

(A) आसन

(B) प्राणायाम

(C) षटकर्म

(D) ध्यान

86. घेरंड संहिता के अनुसार, योगी के लिए शरीर को किसके समान बनाना चाहिए ?

(A) जल

(B) वायु

(C) वज्र

(D) पृथ्वी

87. षटकर्म कितने प्रकार के बताए जा रहे हैं ?

(A) 3

(B) 6

(C) 8

(D) 7

88. निम्न में से कौन-सी षटकर्म क्रिया नहीं है ?

(A) नेति

(B) धौति

(C) भ्रामरी

(D) कपालभाति

89. नेति क्रिया किस अंग की शुद्धि के लिए की जाती है ?

(A) पेट

(B) आँख

(C) नासिका

(D) जीभ

90. धौति किस क्रिया से संबन्धित है ?

(A) पेट की सफाई

(B) नेत्र की शुद्धि

(C) गले की मालिश

(D) श्वसन क्रिया

91. वमन धौति में क्या किया जाता है ?

(A) श्वास रोकना

(B) उल्टी द्वारा पेट साफ करना

(C) गर्म जल पीना

(D) वायु को रोकना

92. त्राटक क्रिया किसकी शुद्धि के लिए है ?

(A) श्रावण

(B) नेत्र

(C) हृदय

(D) जीभ

93. बस्ति क्रिया किस अंग की शुद्धि के लिए है ?

(A) मस्तिष्क

(B) पेट

(C) गुदा

(D) हृदय

94. नौली क्रिया किसके लिए लाभकारी है ?

(A) सिरदर्द के लिए

(B) नेत्र रोग के लिए

(C) उदर (पेट) के अंगों की क्रिया सुधारने के लिए

(D) निद्रा के लिए

95. घेरडं संहिता के अनुसार योग के कितने अंग हैं?

(A) 6

(B) 7

(C) 8

(D) 4

96. षटकर्म के अभ्यास से क्या प्राप्त होता है ?

(A) स्थूलता

(B) रोग

(C) शुद्ध शरीर

(D) आलस्य

97. नेति क्रिया के दो भेद हैं –

(A) जठर नेति और कंठ नेति

(B) जल नेति और सूत्र नेति

(C) अग्नि नेति और वायु नेति

(D) वस्त्र नेति और मुद्गर नेति

98. घेरेड ऋषि चंडकपाल को कौन-सी साधना पहले सिखाते हैं ?

(A) आसन

(B) षटकर्म

(C) ध्यान

(D) प्राणायाम

99. घेरंड संहिता के अनुसार, योग का अंतिम उद्देश्य क्या हैं ?

(A) बल प्राप्त करना

(B) ज्ञान अर्जन

(C) आत्मसिद्धि

(D) शरीर को सुंदर बनाना

100. घेरंड संहिता का स्वरूप किस प्रकार का है ?

(A) सूत्र शैली

(B) वार्ता शैली (संवादात्मक)

(C) नाटक शैली

(D) कथासार शैली

## रफ कार्य

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

8. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

9. There will be no negative marking.

10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

6. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

7. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**